रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल
Railway Recruitment Cell, West Central Railway
आर.बी.–IV, 290, स्टेशन रोड, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर.482001
RB- IV, 290, Station Road, South Civil lines, Jabalpur-482001
Website:-www.wcr.indianrailways.gov.in


## अधिसूचना संख्या जीडीसीई–01/2022 के अंतर्गत **NTPC (Graduate- Station Master)** के पद हेतु दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन के लिए प्रोविजनल शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूची के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

––0––

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीडीसीई–01/2022 के अंतर्गत NTPC (Graduate & Under Graduate) के पदों हेतु सीबीटी परीक्षा दिनांक 29/11/2023, अतिरिक्त सीबीटी परीक्षा दिनांक 16/10/2024 एवं CBAT परीक्षा दिनांक 20/11/2024 को आयोजित की गई। जिसके परिणाम अनुसार उम्मीदवारों को उनके मेरिट, समुदाय एवं अधिमान्यता के आधार पर दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन के लिए प्रोविजनल शॉर्टलिस्ट किया गया है।

प्रोविजनल शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों के अनुक्रमांक (बढ़ते क्रम में) निम्नानुसार हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 202310110222 | 202310611453 | 202310912004 | 202311012229 |
| 202312314914 | 202312415034 | 202312916387 | 202313016581 |

प्रोविजनल शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की संख्या– कुल–08 (UR-4, SC-1, ST-1, OBC-2)

| Cut-off | UR | SC | ST | OBC |
|---|---|---|---|---|
| | 81.45341 | 75.06627 | 75.48514 | 79.93399 |

**नोटः– उक्त सूची में शामिल उम्मीदवारों का दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन दिनांक–04/03/2025 को पूर्वान्ह 09:30 बजे से रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में निर्धारित है।**

दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन में रिक्तियों की संख्या के बराबर उम्मीदवारों को प्रोविजनल रूप से बुलाया जा रहा है। यदि कुछ उम्मीदवार अनुपस्थित रहते हैं, अस्वीकृति देते हैं या चिकित्सा श्रेणी A-2 श्रेणी से निम्न रहती है तो उनके स्थान पर मेरिट, समुदाय एवं अधिमान्यता अनुसार निचले क्रम के उम्मीदवार को दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन हेतु बुलाया जायेगा। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन के लिए बुलाए जाने मात्र से उन्हें किसी भी तरह से पैनल में शामिल होने एवं रेलवे में नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता है। वास्तविक उम्मीदवारी तब तय की जाएगी जब उनकी उम्मीदवारी और उनकी शिक्षा, आयु, जाति आदि के सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं मूल बुलावा पत्र, फोटो और हस्ताक्षरों के उचित सत्यापन के बाद उन्हें उपयुक्त पाया जाएगा।

मेरिट, रिक्तियों की उपलब्धता, मेडिकल फिटनेस के आधार पर उम्मीदवारों को अनंतिम रूप से पैनल में शामिल किया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि OBC/SC/ST समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों को अधिसूचना अनुसार निर्धारित प्रारूप में नवीनतम जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही OBC समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों को गैर–क्रीमी लेयर प्रमाणीकरण के साथ जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन की तिथि को एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

बुलावा पत्र डाउनलोड करने की लिंक शीघ्र ही पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in पर अपलोड करायी जावेगी जिसमें वास्तविक तिथि, समय और स्थान का उल्लेख होगा और दस्तावेज एवं उम्मीदवारिता सत्यापन के लिए अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर SMS भेजा जाएगा। पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in से उम्मीदवार बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

यद्यपि उपरोक्त को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, तथापि किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक को बाद में सुधारने का अधिकार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के पास सुरक्षित है।

नोटः– कृपया उन बेईमान तत्वों से सावधान रहें जो अवैध विचार पर नियुक्ति के लिए उन्हें चयनित करने के झूठे वादों के साथ उम्मीदवारों को गुमराह कर सकते हैं। आरआरसी में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है। ऐसे किसी भी व्यक्ति के संबंध में सूचना रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, जबलपुर (0761–2624045) को सभी संभावित विवरणों के साथ दी जाए, ताकि इस संबंध में उचित और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

दिनांक– 19/02/2025
स्थान– जबलपुर

अध्यक्षा
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर